नप ने अस्थाई अतिक्रमण हटाने का अभियान किया आरंभ

नवभारत न्यूज

अमानगंज/पन्ना 2 जनवरी। पन्ना जिले के अमानगंज नगर में आज अतिक्रमण हटाने का अभियान स्थानीय नगर निकाय के मुख्य नगर पालिका अधिकारी शशिकपूर गढ़पाले ने अपनी टीम के साथ राजस्व विभाग और पुलिस विभाग का संयुक्त सहयोग लेते हुए, नगर में अतिक्रमण हटाओ अभियान आरंभ किया जिसमें अस्थाई अतिक्रमण हटाए जाने की कार्यवाही आरंभ हुई।

दुकानदारों को 2 दिन पहले इस बात की सूचना मौखिक रूप से दी जा चुकी थी और चूना डालकर अतिक्रमण की रेखा चिन्हित की जा चुकी थी और आज जैसे ही 11 बजे तो समूची टीम मौके पर जा पहुंची और अतिक्रमण हटाने का अभियान आरंभ कर दिया।

अभियान में कई दुकानदारों के टीन शेड नगर निकाय की जेसीबी ने स्वयं तोड़े और कई स्थानों पर समझदार दुकानदारों ने अपने-अपने टीन शेड पहले से ही निकाल कर इस कार्यवाही में अपना सहयोग दिया। जिन-जिन स्थानों पर यह अतिक्रमण आज हटाया गया है वहां कई स्थानों पर खुशी और कई स्थानों पर आक्रोश की लहर देखने को मिल रही है क्योंकि इसमें कुछ दुकानदारों को भारी नुकसान बताया जा रहा है जबकि कुछ को नुकसान जरा भी नहीं पहुंचा है इस वजह से मौके पर खड़े दुकानदारों ने आरोप प्रत्यारोप भी लगाए है।

क्या कहते हैं सीएमओ

स्थानीय पत्रकारों ने जब मुख्य नगर पालिका अधिकारी शशिकपूर गढ़पाले से अतिक्रमण के विषय में चर्चा रखी तो उनका कहना था कि यह अभियान अभी लगातार जारी रहेगा जो नगर के प्रत्येक मार्गों पर चलेगा, साथ ही बस्ती के अंदर भी अतिक्रमण हटाया जा सकता है। जहाँ से नगर निकाय को शिकायत प्राप्त हुई है वहाँ अभी कार्यवाही की जा सकती है। अतिक्रमण हटाने में स्थानीय दुकानदारों के साथ किसी भी प्रकार का कोई भी पक्षपात नहीं किया जा रहा है और ना ही किया जाएगा।

कड़ाके की ठंड एवं खाना पानी के अभाव में दम तोड रहे गौवंश

जिम्मेदारों ने साध रखी चुप्पी

नवभारत न्यूज

पन्ना 2 जनवरी। जिले में गौवंशों की स्थिति दयनीय बनी हुई है। जगह जगह बेसहारा मवेशी दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं, अवैध बाड़ों में चारा पानी, छाया बिना दम तोड रहे हैं तो कहीं नहरों घाटियों और जलप्रपातों में जीवित ही झुंडों में फेंके जा रहे हैं, ऐसा लगता है जैसे घोर कलयुग आ चुका है। जब गोवंशों को पूरी तरह से समाज से बहिष्कृत किया जा चुका है।

जहां ताक गोवंशों के प्रति दया की बात है तो सरकार से दया की अपेक्षा करना ही बेईमानी है क्योंकि आज दया होती है तो शायद भारत विश्व के सबसे अग्रणी बीफ या गोमांस उत्पादक देशों की श्रेणी मे नहीं होता।

खा रहे लाठी डंडे, कुल्हाडी से हो रहा स्वागत

गोवंशों को यत्रतत्र क्रूरता का शिकार होना पड रहा है। अवैध बाड़े तो आज आम बात हो चुके हैं, इसके साथ साथ गोवंशों को धारदार हथियारों से नुकसान पहुंचाया जा रहा है, उनके पैरों और मुंह जीभ को भी निर्दयी लोग तार से बांध देते हैं जिससे खानापानी न ले पाने के चलते मर जाते हैं, घाव में कीडे पडे जाते हैं जिससे उनकी मौंत हो जाती है लाडी डंडे कुल्हाडी से पैर और शरीर में घाव कर दिया जाता है। यह वाकया आजकल आम हो चला है। ऐसा लगता है जैसे मानवता समाप्त हो चुकी है। मवेशी सड़कों मे भी झुंड लगाकर बैठ जाते हैं जिससे आने जाने वाले वाहनों से टकराकर भी दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं, यह एक बडी समस्या है अमूमन वाहनों की गर्मी और प्रकाश के चलते मवेशी सड़कों पर आ जाते हैं जिससे दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं।

सलेहा वन परिक्षेत्र में सुअर के मांस सहित 6 आरोपी गिरफ्तार

पुलिस व वन विभाग के अमले ने की कार्यवाई

नवभारत न्यूज

सलेहा/पन्ना 2 जनवरी। दक्षिण वन मंडल वन परिक्षेत्र सलेहा के अन्तर्गत 31 दिसम्बर की रात्रि को थाना सलेहा पुलिस बल द्वारा सलेहा-पवई सड़क मार्ग पर गस्ती की जा रही थी उसी दौरान रात्रि को 11.30 बजे पुलिस द्वारा दो मोटरसाइकिल में सवार व्यक्तियों की तलाशी ली गई , जिनके दो बोरी में मांस लिए हुए थे।

पुलिस टीम द्वारा इसकी सूचना वन परिक्षेत्र अधिकारी जीतू सिंह बघेल को दी गई। जीतू सिंह द्वारा वन विभाग के गस्ती दल को सूचना पर बोरी की तलाशी ली गई ,जिसमें जंगली सुअर का मांस पाया गया, उक्त व्यक्तियों को वन परिक्षेत्र कार्यालय लाया गया। वन परिक्षेत्र अधिकारी द्वारा बताया गया की आरोपियों से पूछताछ की गई जिनके द्वारा बताया गया की पवई तहसील ग्राम महेड़ा के सुनादर वीट पर जंगली सूअर का शिकार किया गया और उसे आपस में बाटकर घर आ रहे थे। इस कार्यवाही में छह आरोपी थे जिनमें मन्नू लाल वर्मा, राजू वर्मा ,संदीप चैधरी ,वीरेंद्र वर्मा निवासी सलेहा, रामनिवास चैधरी, सुनील चैधरी उर्फ टिंकू निवासी महेड़ा तहसील पवई होना बताया गया, आरोपियों के कब्जे से 8 किलो वजन जंगली सूअर का मांस, दो मोटरसाइकिल, 6 मोबाईल, 1 बका जप्त किया गया। सभी आरोपियों को तत्परता से गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

इस कार्यवाही में थाना पुलिस बल स्टाफ सहित वन परिक्षेत्र अधिकारी जीतू सिंह बघेल, वनपाल दिलीप सिंह, देवेन्द्र गिरी गोस्वामी, उमाशंकर पाल ,महेंद्र अग्रहरि, रविंद्र बागरी, प्रीति द्विवेदी, जितेंद्र सिंह परमार, उमादत्त द्विवेदी, सूर्य प्रताप सिंह ,विनय मिश्रा, चेतन अहिरवार ,इंद्रभान अहिरवार सहित वन स्टाफ का विशेष योगदान रहा।

कलेक्टर ने निर्माण कार्यों के साईन बोर्ड लगवाने के दिए निर्देश

पन्ना 2 जनवरी। कलेक्टर ऊषा परमार ने जिले के विभिन्न स्थानों पर निर्माण विभाग एवं एजेंसी द्वारा क्रियान्वित निर्माण कार्यों का अनिवार्य रूप से साईन बोर्ड लगवाने के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश का पालन सुनिश्चित कराने के लिए कहा गया है। सामान्यत: पाया गया है कि जिले में संचालित निर्माण कार्यों के सूचना फलक तथा कार्य से संबंधित जानकारी का विवरण निर्धारित स्थल पर प्रदर्शित नहीं किया जा रहा है। इससे प्राय: विभाग अथवा एजेंसी व कार्य की पूर्णता अवधि एवं लागत इत्यादि की जानकारी ज्ञात नहीं होती है। इसलिए निर्माण कार्य स्थल पर निर्माण कार्य संबंधी विवरण का बोर्ड अविलंब लगवाने के निर्देश दिए गए हैं।

विधायक कप का भव्य शुभारंभ आज

नवभारत न्यूज

पन्ना 2 जनवरी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीएवं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के खेलो इंडिया विजन के तहत पन्ना विधानसभा का विधायक कप 2026 का भव्य उद्घाटन आज दिनांक 3 जनवरी सुबह 11.00 बजे स्थानीय छत्रसाल स्टेडियम पन्ना में संपन्न होने जा रहा है। जिससे मुख्य अतिथि के रूप सांसद खजुराहो लोकसभा क्षेत्र विष्णु दत्त शर्मा रहेंगे।

विधायक कप का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाली प्रतिभाओं को उचित मंच प्रदान करना है। आज विधायक कप संबंधित बैठक विधायक कार्यालय में बृजेंद्र प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में व्यवस्था संबंधी बैठक संपन्न हुई। जिसमें होने वाले विधायक कप उद्घाटन के पूर्व एक विशाल रैली पूरे नगर में भ्रमण करती हुई छत्रसाल स्टेडियम पहुंचेगी जिसमें समस्त खिलाड़ी व नगर के कार्यकर्ता शामिल रहेंगे। जगह-जगह इस रैली का खिलाड़ी के उत्साह वर्धन के लिए आतिशबाजी और फूल मालाओं से स्वागत किया जाएगा विधायक विजय बृजेंद्र प्रताप सिंह ने समस्त विधानसभा की जनता से विधायक कप 2026 में आने का आग्रह किया है।

अपहृत नाबालिग बालिका को किया परिजनों के सुपुद

पन्ना 2 जनवरी। पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू द्वारा ऑपरेशन मुस्कान के अंतर्गत थाना देवेन्द्रनगर में पंजीबद्ध अपहरण प्रकरण में टीआई देवेंद्रनगर रामआसरे सोनकर के नेतृत्व मे गठित पुलिस टीम द्वारा मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्यवाही करते हुए 02 माह से अपहृत नाबालिग बालिका को सुरक्षित दस्तयाब कर विधिवत परिजनों को सुपुर्द किया गया। पीड़िता के कथन एवं विवेचना के दौरान प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर प्रकरण में दुष्कर्म से संबंधित धाराओं का इजाफा किया गया, तत्पश्चात अपहरण एवं दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहाँ से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया।

नववर्ष के अवसर पर आबकारी विभाग ने 12 होटल और ढाबों से पकड़ी भारी मात्रा में अवैध शराब

नवभारत न्यूज

पन्ना 2 जनवरी। पन्ना कलेक्टर श्रीमती ऊषा परमार के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी मुकेश कुमार मौर्य द्वारा होटल और ढाबों पर उत्साहपूर्वक नववर्ष के कार्यक्रमों में मदिरापान और अवैध शराब के विक्रय की संभावना होने से इसके रोकथाम हेतु सहायक जिला आबकारी अधिकारी शंभू दयाल सिंह जाटव के नेतृत्व में आबकारी दलों का गठन कर पन्ना जिले में होटल और ढाबों पर अवैध शराब विक्रय और मदिरापान के विरुद्ध अभियान चलाया गया।

इसी के तारतम्य में आबकारी दलों द्वारा 31 दिसंबर 2025 और 1 जनवरी 2026 को पन्ना जिले के होटल और ढाबों में सघन तलाशी ली गई। जिसमें लगभग 12 स्थानों से देशी और विदेश अवैध शराब पकड़ कर सम्बंधितो के विरुद्ध अपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध किए गए।

आबकारी उपनिरीक्षक मुकेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि दादा दा ढाबा अमानगंज में मुन्ना चैरसिया पिता श्रीराम चैरसिया उम्र 50 वर्ष के कब्जे से 12 पाव गोवा व्हिस्की अंग्रेजी शराब 10 पाव देशी मदिरा सादा एवं 5 बीयर अवैध शराब अनुमानित कीमत लगभग 3500 रुपए जप्त की गई। आरोपी के विरुद्ध मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 36 का प्रकरण दर्ज किया गया। इसके अलावा रत्तू ढाबा, सम्राट ढाबा और जलसा ढाबा की भी तलाशी ली गई। कोई भी अवैध शराब न मिलने पर खाली तलाशी पंचनामा बनाया गया। पंचवटी ढाबा टेड़ी धार थाना पवई से परसराम सेन पिता परसोत्तम सेन उम्र 29 वर्ष के कब्जे से 22 पाव देशी मदिरा सादा और 14 पाव गोवा व्हिस्की अंग्रेजी शराब अनुमानित कीमत लगभग 3500 रुपए जप्त की गई। आरोपी के विरुद्ध मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 36 का प्रकरण दर्ज किया गया। दीक्षा रेस्टोरेंट मिलौनीगंज पवई से विफिल खटीक पिता राकेश खटीक उम्र 25 वर्ष के कब्जे से 02 बोतल किंगफिशर बीयर। 4 पाव इंपीरियल ब्लू व्हिस्की अंग्रेजी शराब और 12 पाव गोवा व्हिस्की अंग्रेजी शराब अनुमानित कीमत लगभग 2600 रुपए जप्त की गई।

आरोपी के विरुद्ध मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 36 का प्रकरण दर्ज किया गया। बुंदेला ढाबा ग्राम शंकरगढ़ थाना गुनौर से शिवम सिंह बुंदेला पिता बीरेंद्र सिंह बुंदेला उम्र 25 वर्ष के कब्जे से 20 पाव गोवा व्हिस्की अंग्रेजी शराब और 10 पाव देशी मदिरा सादा अनुमानित कीमत

लगभग 3400 रुपए जप्त की गई। आरोपी के विरुद्ध मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 36 का प्रकरण दर्ज किया गया। मोनू राजा ढाबा ग्राम शंकरगढ़ थाना गुनौर से घसीटे ढीमर पिता मिठाईलाल ढीमर, उम्र 38 वर्ष निवासी गुनौर के कब्जे से 30 पाव देशी मदिरा सादा अनुमानित कीमत लगभग 2300 रुपए जप्त की गई। आरोपी के विरुद्ध मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 36 का प्रकरण दर्ज किया गया। देवेंद्र नगर में शरीफ ढाबा, पटेल ढाबा और फौजी ढाबा की भी तलाशी ली गई। कोई अवैध शराब नहीं मिलने पर खाली तलाशी पंचनामा बनाया गया। पन्ना शहर और आसपास के भी होटल ढाबों पर भी तलाशी ली गई। जिसमें बायपास रोड स्थित यादव ढाबा से सहर्षदीप सेन पिता गणेश प्रसाद सेन उम्र 24 वर्ष के कब्जे से 6 बोतल किंगफिशर बीयर, 12 पाव देशी मदिरा सादा अनुमानित कीमत लगभग 2100 रुपए जप्त किए गए। आरोपी के विरुद्ध मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 36 का प्रकरण दर्ज किया गया। बायपास रोड पर ही हिल्स व्यू रेस्टोरेंट में अभिषेक साहू पिता मनोज साहू उम्र 24 वर्ष के कब्जे से 4 बोतल किंगफिशर बीयर, 10 पाव गोवा व्हिस्की अंग्रेजी शराब,3 पाव इंपीरियल ब्लू व्हिस्की अंग्रेजी शराब, 2 पाव मैकडोनाल्ड व्हिस्की अंग्रेजी शराब अनुमानित कीमत लगभग 3000 रुपए जप्त किए गए। आरोपी के विरुद्ध मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 36 का प्रकरण दर्ज किया गया। अदिति रेस्टोरेंट बेनीसागर मोहल्ला पन्ना से शिवम लोधी पिता बाबूलाल लोधी, उम्र 19 वर्ष के कब्जे से 4 बोतल किंगफिशर बीयर, 4 पाव बैगपाइपर व्हिस्की अंग्रेजी शराब, 2 पाव ऑफिसर्स चॉइस व्हिस्की अंग्रेजी शराब, 4 पाव इंपीरियल ब्लू व्हिस्की अंग्रेजी शराब अनुमानित कीमत लगभग 2400 रुपए जप्त की गई। आरोपी के विरुद्ध मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 36 का प्रकरण दर्ज किया गया। आगरा मोहल्ला पन्ना से मोहम्मद जावेद पिता नजीर मुहम्मद उम्र 38 वर्ष की दुकान से 20 पाव देशी मदिरा सादा और 10 पाव गोवा व्हिस्की अंग्रेजी शराब अनुमानित कीमत लगभग 3000 रुपए जप्त की गई। आरोपी के विरुद्ध मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34 का प्रकरण दर्ज किया गया। इसके अलावा यदुवंशी ढाबा, महाकाल ढाबा, जंगल ढाबा, जंगल सफारी रिजॉर्ट, यादव ढाबा मनोर, अपना ढाबा कुंजवन, पन्ना फैमिली रिजॉर्ट ज़रूआपुर, डायमंड ढाबा मड़ला, बबला ढाबा मड़ला, शेर ए पंजाब ढाबा मडला, शिवा ढाबा अमझिरिया, यादव ढाबा अकोला आदि ढाबा की विधिवत तलाशी ली गई। कोई अवैध शराब नहीं मिलने पर खाली तलाशी पंचनामा बनाया गया। अजयगढ़ वृत्त क्षेत्र में सहायक जिला आबकारी अधिकारी शंभू दयाल सिंह जाटव के नेतृत्व में आबकारी उपनिरीक्षक विक्रांत जैन और स्टाफ ने लखन ढाबा से दशरथ गौंड पिता सुम्मी गौंड, उम्र-46 वर्ष, पता-विश्रामगंज, थाना - अजयगढ़ के कब्जे से 15 पाव देशी सादा मदिरा कीमत 1125 रुपए जप्त कर आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)क का प्रकरण दर्ज किया गया। इसके बाद राजा भैया पिता श्री करियापाल, उम्र-28 वर्ष, पता-विश्रामगंज, थाना - अजयगढ़ के कब्जे से 12 पाव देशी सादा मदिरा कीमत 900 रुपए जप्त किया गया। आबकारी अधिनियम की 34(1)क का प्रकरण दर्ज किया गया। इसके अलावा फौजी ढाबा, लक्ष्मी ढाबा ग्राम पिष्टा, जायका ढाबा माधवगंज, गोपाल ढाबा, टंटे ढाबा, संतराम ढाबा आदि की विधिवत तलाशी ली गई। कोई अवैध मादक पदार्थ न मिलने पर खाली तलाशी पंचनामा बनाया गया। इस कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी शंभू दयाल सिंह जाटव, आबकारी उपनिरीक्षक मुकेश कुमार पाण्डेय और विक्रांत जैन के साथ आबकारी आरक्षक सुश्री स्मिता ठाकुर, कुलदीप जाटव, रवि प्रकाश मिश्रा, सोनू कोरकू, नगर सैनिक वीरेंद्र यादव, मोतीलाल प्रजापति, फोटोलाल प्रजापति और सुरेंद्र बुंदेला, रघुवीर तिवारी,आकाश साहू सम्मिलित रहे। आगे भी ये अभियान जारी रहेगा।

जनपद पंचायत सदस्य एवं सरपंच के निर्वाचन परिणाम घोषित

नवभारत न्यूज

पन्ना 2 जनवरी। पंचायत उप निर्वाचन अंतर्गत शाहनगर जनपद पंचायत के वार्ड क्रमांक 14 सहित ग्राम पंचायत हरदुआ मैमारी एवं बृजपुर में विगत 29 दिसम्बर को संपन्न मतदान की मतगणना एवं निर्वाचन परिणाम की घोषणा शुक्रवार को ब्लॉक मुख्यालय पर की गई।

विजयी उम्मीदवारों को रिटर्निंग अधिकारी द्वारा निर्वाचन का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। ईव्हीएम से संपन्न कराए गए मतदान में जपं सदस्य पद पर सिलोचना सिंह राठौर ने 440 वोट से जीत हासिल की, जबकि हरदुआ मैमारी सरपंच के चुनाव में झलकन सिंह ने 316 वोट तथा बृजपुर सरपंच के चुनाव में रानी देवी अहिरवार 45 वोट से विजयी हुईं।

रिक्त पद पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित

पन्ना 2 जनवरी। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिले की 6 परियोजना अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के रिक्त पद पर भर्ती के लिए आगामी 10 जनवरी तक ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। एमपी ऑनलाइन के चयन पोर्टल के माध्यम से आंगनबाड़ी केन्द्रवार रिक्त पदों की पूर्ति के लिए आवेदन की सूचना जारी की गई हैं। जिला कार्यक्रम अधिकारी अवधेश कुमार सिंह ने बताया कि विभिन्न परियोजना अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्रों में रिक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के 13 पद एवं सहायिका के 29 पद पर भर्ती की जाना है।

किसान सम्मान निधि की किस्त एवं उर्वरक प्राप्त करने के लिए अब फॉर्मर आईडी अनिवार्य

पन्ना 2 जनवरी। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की किस्त प्राप्त करने के लिए अब फॉर्मर आईडी को अनिवार्य किया गया है। आगामी दिवस में योजना की 22वीं किस्त जारी होगी। फॉर्मर आईडी जनरेट होने के साथ ही आधार बैंक खाता डीबीटी सक्षम होना भी अनिवार्य है। माह जनवरी 2026 से उर्वरक वितरण भी फॉर्मर आईडी के जरिए किया जाएगा, जिससे किसानों को धारित भूमि के अनुसार उर्वरक प्रदान किया जा सके। पन्ना जिले में पीएम किसान योजना में कुल एक लाख 87 हजार 906 हितग्राही हैं। इनमें से एक लाख 86 हजार 706 हितग्राहियों की फॉर्मर आईडी बनाई जा चुकी है। अपर कलेक्टर मधुवंतराव धुर्वे ने सभी तहसीलदार को अभियान संचालित कर एवं ग्राम स्तर पर शिविर के माध्यम से शेष किसानों के फॉर्मर आईडी बनाने के निर्देश जारी किए हैं।

शिक्षा,स्वास्थ्य सहित हर क्षेत्र में विकास की बाट जोह रहा, सरकार एवं जनप्रतिनिधि हो रहे असहाय साबित

सुरेश पाण्डेय

पन्ना 2 जनवरी। जिले में सदियों से रत्नागर्भा वसुन्धरा का स्थान एवं हीरे के कारण ही पाया है समस्त भारत को छोड़कर इस जिले की धरती के गर्भ में हीरे एवं पत्थर का अकूत भंण्डार सदियों से मौजूद रहा है परन्तु बिडंवना यह है कि इस हीरे एवं पत्थर के व्यवसाय की बात की जाए तो जिले के दो-चार- दस दबंगों को छोड़कर अन्य वर्गो के पास इन रत्नों की सौगात नहीं पहुंच पाई है जिसके चलते उनके जीवन स्तर एवं संसाधनों पर उनका भी कुछ हक निर्धारित हो और विकास की मुख्य धारा मे इस जिले के अंतिम पंक्ति का व्यक्ति रोटी कपड़ा और मकान सहित अपने जीवन के आवश्यक अवयवों को पूरा कर सके।

हीरा एवं पत्थर की खदानों का सालों से यह हाल रहा है कि करोड़ों का हीरा उत्खनन के बाद तस्करी की भेंट चढ़ता रहा और कुछ चंद मुट्ठी भर लोग लखपति से करोड़पति बनते रहे, वहीं पत्थर के व्यवसाय में भी कमोवेश लगभग यही स्थिति रही पन्ना सहित पहाडीखेरा, रहुनिया, गुजार, पाठा, पलथरा, खजुरीकुडार, मझगंवा के आसपास का क्षेत्र, महुआखेड़ा और पवई तथा शाहनगर, रैपुरा, मोहन्द्रा में बहुत बड़े पैमाने पर पत्थर का अवैध उत्खनन निर्वाध रूप से वन, राजस्व, खनिज विभाग की मिलीभगत से बदस्तूखर जारी है। बगैर मंजूरी व रायल्टी के इस क्षेत्र के रसूखदार दबंग करोड़ों का पत्थर निकालकर अपनी जेबें भर रहे हैं इसके अलावा हीरा एवं पत्थर का सही दोहन और इस व्यवसाय को बंटवारा आम गरीबजन तक अभी भी नहीं पहुंच पा रहा है।

जड़ीबूटियां एवं वन विनाश की ओर- पन्ना जिले में प्रकृति में अति मनोहारी एवं सुंदर वनों से आच्छादित क्षेत्र सदियों से विद्यमान है और इस जिले में हर्बल जड़ीबूटियां का एक अकूत भंडार मौजूद है परन्तु विडम्वना यह है कि अब वर्तमान में एक तो इसकी पहचान और उसकी दोहन के लिए ना ही कोई वातावरण बनाया गया न ही यहां के व्यवसायहीन लोगों को इस व्यावसाय हेतु जागरुक किया गया अगर हर्बल जड़ीबूटियां का सही दोहन किया जाए तो यह भी एक बहुत बड़े मार्केट के रूप में इस जिले संजीवनी साबित हो सकता है, वहीं पूरे जिले में बहुत अच्छे वनों का लम्बा जाल बिछा हुआ है इसीलिए पन्ना में वन्य प्राणियों के लिए नेशनल पार्क की स्थापना की गई, केन घड़ियाल बनवाया गया। देश की एक मात्र शुद्ध नदी केन जो कि लगभग पूरे जिले 72 किलोमीटर नेशनल पार्क के अंदर बहती है इसकी पानी को शुद्धता में नेशनल पार्क के संरक्षण का भी बहुत बड़ा योगदान है परन्तु वनों के संसाधनों का भी पर्यटन की दिशा में कोई ठोस एवं विवेकशील कदम नहीं उठाया गया इसीलिए यहां के वन एवं नेशनल पार्क केवल शोपीस शोभा की विषयवस्तु बनकर रह गए।

प्रशासनिक एवं राजनैतिक उदासीनता:- इस जिले का यह दुर्भाग्य रहा है कि कुछ प्रशासनिक अधिकारियों एवं राजनेताओं का छोड़ दें तो इस जिले में हमेशा ही आम जनता की जागरूकता के आभाव में प्रशासनिक एवं राजनैतिक उदासीनता अपने चरम पर रही है, जिसके कारण आजादी के लगभग 75 वर्षो बाद यह जिला प्राकृतिक संसाधनों से भरपूर होने के बावजूद पिछडेपन के दंश को झूलने के लिए अभिशप्त है यहां के सीधे साधे आमजन आज भी इसी आशा में अपना जीवन यापन कर रहे हैं कि कोई भागीरथ आएगा और हमारी आर्थिक, सामाजिक एवं राजनैतिक दिशा व दशा बदलेगा और विकास एवं रोजगार के मुख्य सोपानों हमारी औलादें भी अपना जीवन सम्मानपूर्वक जी सकेंगे।

जिले में उच्च शिक्षा के स्तर में सुधार लाने के लिए जिला प्रशासन के मुखिया से अपेक्षा की जाती हैकि वह समय-समय पर महाविद्यालयों में पहुंचकर अवलोकन करें तो यहां पर शिक्षा के स्तर में सुधार हो सकता है क्योंकि लाखों की पगार पाले प्राफेसर एक भी पीरियड नही पढ़ाते साथ ही व्याप्त अनियमितताओं से छात्र छात्राओं को मुक्ति भी मिल सकती हैं वहीं पढ़ाने कें लिए स्वीक्रत से आधे प्रोफेसर तक पदस्थ नही है नाममात्र के अतिथि विद्वानों के भरोसे पढ़ाइ चल रही है ।

उद्योग धंधा एवं आवागमन के साधन

कहते हैं कि किसी जिले के विकास में आवागमन के संसाधनों रेल सड़कें, पुल-पुलियां एवं सिंचाई के लिए बांधों एवं तालाबों का प्रमुख योगदान होता है आवागमन के साधन विकास का आइना होते हैं परन्तु समुचित विकास उपरोक्त नियोजन के आभाव के कारण इस जिले का बाट जोह रहा है उपरोक्त संसाधनों के आभाव के कारण में आज भी विकास की बाट जोह रहा है पिछले वर्षो में जहां करोड़ों रूपये की बांध भ्रष्टाचार से फूट गए या फोड़ दिए गए और लगभग एक वर्ष होने के बाद भी कोई ठोस कार्यवाही हुई अगर वास्तव में यह बांध भ्रष्टाचार मुक्त बनाए तो सिंचाई की एक सुंदर तस्वीर जिले के किसानों को मिलती और खेती एवं सिंचाई का रकवा अपनी अलग कहानी कह रहा होता।

स्वास्थ्य एवं पोषण हो रहा दिखावा साबित

मानव विकास के दस प्रमुख सूचकांकों में अति पिछड़ा पन्ना जिला यद्यपि देश के पिछड़े जिलों में प्रशासनिक एवं राजनैतिक उदासीनता के कारण पिछड़े जिलों में सम्मिलित नहीं हो सका, यद्यपि मध्य प्रदेश के सिंगरौली, बड़वानी, खंडवा, गुना, राजगढ़, विदिशा एवं बुंदेलखण्ड के छतरपुर और दमोह तो पिछड़े जिलों मे सम्मिलित हैं परन्तु वास्तविक रूप से आर्थिक, सामाजिक, राजनैतिक और कुपोषित स्वास्थ्य के मानकों में अति पिछड़े रोजगार के संसाधनों में अंतिम पायदान पर पन्ना पर पन्ना जिले को यहां के राजनैतिक एवं प्रशासनिक लोगों द्वारा देश के पिछड़े जिलों में क्यों शुमार नहीं करवाया गया है अपने आपमें विचारणीय प्रश्न है, स्वास्थ्य के मानकों से देखें तो पन्ना जिले में माता एवं बच्चे जहां-अति कुपोषण के शिकार हैं, आंगनवाड़ी केन्द्रों से लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं जिला चिकित्सालय तक स्वास्थ्य सेवाएं केवल कागजों पर विद्यमान हैं, ग्रामीण एवं शहरी स्वास्थ्य सेवाओं में व्यापक भ्रष्टाचार विद्यमान हैं जिसके कारण यहां के लोगों को सही इलाज एवं कुपोषण को दूर करने के लिए कोई कारगर कदम अभी नहीं उठाए गए हैं, जिला चिकित्सालय में योग्य डॉक्टरों की कमी बहुत बड़ी समस्या साबित हो रही है जहां एक यहां के लोग मेडीकल कॉलेज की आशा लगाए हुए बैठे हैं ।